



महम के टेलेंट ट्री स्कूल में कारगिल विजय दिवस व पेरिस ओलिंपिक खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए ध्वजारोहण करते शिक्षक व विद्यार्थी • जागरण।



महम| टेलेंट ट्री स्कूल में विद्यार्थियों ने कविता पाठ, भाषण और नाटक के माध्यम से सैनिकों की वीरता का प्रदर्शन किया। इस मौके पर शिक्षिका गीतांजलि, श्वेता, अजित भारद्वाज ,सोनू, चेयरपर्सन डॉ. दर्शना मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय ओलिंपियाड में टेलैंट ट्री के खिलाड़ी सम्मानित




टेलेंट ट्री स्कूल में विजेताओं को सम्मानित करते प्रबंधन समिति के सदस्य। • सौजन्य स्कूल

संस जागरण • महम : महम स्थित टेलेंट ट्री स्कूल ने इंडियन टेलेंट ओलिंपियाड परीक्षा में 34 पुरस्कार प्राप्त किए हैं। विद्यालय की छात्रा हंशिका ने राज्य स्तर पर 10वीं रैंक हासिल कर छात्रवृत्ति प्राप्त की। छात्रा को गोल्ड मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। वहीं, कुणाल ने 17 वीं रैंक व देवांशी ने 20 वीं रैंक हासिल की है। जिसके लिए विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल व उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्कूल के 3 विद्यार्थियों ने टाप 20 में स्थान प्राप्त कर स्कूल गौरवान्वित किया। स्कूल प्रबंधन सदस्यों व अभिभावकों की मौजूदगी में प्रधानाचार्य आदित्य श्रीवास्तव ने सभी छात्रों को सम्मानित किया।

# भारत को जानो प्रतियोगिता टैलेंट ट्री स्कूल में आज

संस, जागरण, महम : भारत विकास परिषद शाखा महम की ओर से 19 अक्टूबर को टैलेंट ट्री स्कूल में भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। शाखा के अध्यक्ष विजय मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम में महम खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल मुख्य अतिथि रहेगी। जबकि बीआरसी पुष्पा शर्मा विशिष्ट अतिथि व भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय सचिव विजय रोहिला कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। शाखा के सचिव सुशील गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन टैलेंट ट्री स्कूल प्रबंधन समिति की देख रेख में होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग दो दर्जन स्कूलों के बच्चे भाग लेंगे।

# टैलेंट ट्री स्कूल में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस



**मीडिया न्यूज लाईन**


महम। टेलेंट ट्री स्कूल में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के नृत्य प्रदर्शन और भाषणों जैसी अनेक रंगीन और आकर्षक गतिविधियां हुई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने विभिन्न विषयों के अध्यापकों को उनके कार्य कौशल और प्रतिभा के समारूप उन्हें सर्वोत्तम अध्यापक की पदवी से नवाजा।

स्कूल के प्रिंसिपल आदित्य श्रीवास्तव ने छात्रों की विभिन्न गतिविधियों की सराहना करते हुए उन्हें सह - पाठयक्रम गतिविधियों के लाभ के बारे में बताया। स्कूल को-ऑर्डिनेटर अंजू कौशिक ने स्कूल के सभी सदस्यों को उनकी कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। स्कूल की डायरेक्टर रेखा देवी ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया।

# भारत को जानो प्रतियोगिता टैलेंट ट्री स्कूल में आज

संस,जागरण • महम : भारत विकास परिषद शाखा महम की ओर 19 अक्टूबर को टैलेंट ट्री स्कूल में भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। शाखा के अध्यक्ष विजय मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम में महम खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल मुख्य अतिथि रहेंगी। जबकि बीआरसी पुष्पा शर्मा विशिष्ट अतिथि व भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय सचिव विजय रोहिला कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। शाखा के सचिव सुशील गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन टैलेंट ट्री स्कूल प्रबंधन समिति की देख रेख में होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में ब्लाक के लगभग दो दर्जन स्कूलों के बच्चे भाग लेंगे।

# बच्चों ने सुनाई कविता अ



महम| टैलेंट ट्री स्कूल में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जन्मोत्सव बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान सुविचार, कविता वाचन, कहानी वाचन, समाचार और अन्य विषयों पर छात्रों ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य आदित्य श्रीवास्तव ने बच्चों को बाल दिवस के महत्व बारे बताया। मैनेजमेंट सदस्य रेखा ने बच्चों को नैतिक मूल्यों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें भविष्य में सदैव आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कोऑर्डिनेटर अंजू कौशिक एवं अन्य अध्यापकों ने भी अपनी बात रखी।

के निवासी है।


## लेंट ट्री स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण



लेंट ट्री स्कूल के विद्यार्थी थीम पार्क मे भ्रमण करते हुए ● सौजन्य स्कूल

स, जागरण ● महम : टैलेंट ट्री कूल के बच्चों ने नोएडा मे शैक्षिक मण किया। इस भ्रमण मे बच्चों बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल चार्य आदित्य श्रीवास्तव ने बताया 5 विद्यार्थियो का एक थीम पार्क मे मण करवाया गया जो आधुनिक क्षिक गतिविधियो के माध्यम से नई ढ़ी को प्रेरित और शिक्षित करता है। द्यालय के बच्चों ने पक्की सड़क, टरी से चलने वाली कारें, हवाई जहाज, जेट प्लेन, बाइक राइडिंग आदि शिक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त की और मनोरंजक गतिविधियो में खुद को सम्मिलित करके पायलट, सर्जन जासूस, शेफ ,इंजीनियर, टीवी निर्माता, रेडियो जोकी आदि की भूमिका निभाई। प्राचार्य श्रीवास्तव ने आयोजित गतिविधियों के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चो को विभिन्न प्रकार के प्रोफेशनल्स के बारे में बताया।

## स्कूल के बच्चों ने की किडजानिया में शैक्षिक यात्रा



महम। टैलेंट ट्री स्कूल में दीपावली मनाई गई। नोएडा स्थित किडजानिया में शैक्षिक यात्रा भी की। बच्चों ने पक्की सड़क , बैट्री से चलने वाली कारें, हवाई जहाज, जेट प्लेन, बाइक राइडिंग और शिक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त की। प्रधानाचार्य आदित्य श्रीवास्तव ने प्रोफेशनल्स के बारे में बताया।